हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 कुछ घंटे के लिए सूना छोड़ा घर,चोर ले उड़े लाखों का माल और नकदी



07 सड़क तक फैला रेत व अन्य निर्माण सामग्री का कारोबार, जाम से...



खबर संक्षेप

आज भोपाल जाकर धरने में शामिल होंगे शिक्षक

विदिशा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर आज भोपाल के नीलम पार्क में शिक्षक धरना देंगे। आंदोलन में विदिशा जिले से हजारों शिक्षक शामिल होंगे। शिक्षक टीईटी से मुक्ति, प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना, पुरानी पेंशन बहाली और ई-अटेंडेंस से मुक्ति सहित विभिन्न मांगों को लेकर 27 सितंबर से लगातार धरना दे रहे हैं। नटेरन विकासखंड में शिक्षकों ने आंदोलन में शामिल होने का संकल्प लिया। राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय महासचिव राजेश एलिया, जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारियों ने शिक्षकों से धरना आंदोलन में पहुंचने का अनुरोध किया है।

11 को होगी 'यादें किशोर कुमार' संगीतमय संध्या

विदिशा। बॉलीवुड के हरफनमौला गायक-अभिनेता किशोर कुमार की 39वीं पुण्यतिथि पर लीजेंड्स म्यूजिकल ग्रुप द्वारा 11 अक्टूबर को 'यादें किशोर कुमार' स्वरांजलि संध्या आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम शाम 6:30 बजे होगा। ग्रुप सदस्य प्रदीप पारस ने बताया कि संगीतमय शाम में कलाकार किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां देकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। आयोजकों ने संगीत प्रेमियों, कला अनुरागियों और किशोर दा के प्रशंसकों से कार्यक्रम में शामिल होकर संगीतमय संध्या का आनंद लेने की अपील की है।

अवैध क्लीनिक पर कार्रवाई, सील किया

विदिशा। ग्राम सिरनोटा में सोमवार को राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने उमेश यादव द्वारा संचालित क्लीनिक पर कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक में उपचार के लिए पांच मरीज मिले। संचालक से क्लीनिक संचालन एवं चिकित्सा सेवाओं से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच के बाद टीम ने पंचनामा तैयार कर क्लीनिक को सील कर दिया। साथ ही एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाना प्रभारी त्योंदा को पत्र भेजा गया।

चांदी की पालकी में जिनवाणी शोभायात्रा



विदिशा। पर्युषण पर्व के बाद क्षमावाणी महोत्सव मनाया गया। अरिहंत बिहार चैत्यालय से रजत पालकी में जिनवाणी को विराजमान कर विहार कराया गया। अरिहंत विहार से प्रारंभ होकर बरईपुरा, किरी मोहल्ला, माधवगंज होते हुए तारण तरण चैत्यालय खरीफाटक में समापन हुआ। आयोजन के संयोजक सेठ अनिल कुमार जैन ने बताया कि कार्यक्रम में विदिशा सहित आसपास के समाजजनों की उपस्थिति रही।

फार्मेसी विभाग के नवप्रवेशित छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी आयोजित

विदिशा। बेतवांचल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के फार्मेसी विभाग में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए वरिष्ठ विद्यार्थियों ने फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम में ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शशांक शर्मा ने विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था के निदेशक डॉ. सिंधा तथा प्राचार्य डॉ. नीता शर्मा ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विद्यार्थियों ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी, निदेशक, प्राचार्य सहित संकाय सदस्यों का सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रथम सेमेस्टर के शिवम राय को मिस्टर फ्रेशर और सुहानी दांगी को मिस फ्रेशर चुना गया। संचालन रिद्धि सरकार और अनुज रघुवंशी ने किया।

इंजेक्शन लगाने के बाद बिगड़ी तबीयत, नवजात के सिर से उठा मां का साया

एंबुलेंस में हुई नॉर्मल डिलीवरी, अस्पताल पहुंचते ही कर दी नसबंदी, महिला की मौत

तीसरे इंजेक्शन में थम गई संगीता की सांसें, बच्ची स्वस्थ्य

सबकुछ नॉर्मल होने के बाद भी गर्भवती को जान से हाथ धोना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। महिला की मौत के बाद जिला चिकित्सालय में बैठकर बिलखते हुए परिजन।

रविवार को एंबुलेंस में बच्ची को जन्म देने वाली 30 वर्षीय महिला की जिला अस्पताल में नसबंदी के कुछ घंटे बाद मौत हो गई। महिला के पति ने अस्पताल में इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि महिला की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

बंटीनगर निवासी संगीता लोधी पति त्रिलोक लोधी को रविवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया जा रहा था। रास्ते में ही एंबुलेंस में उसकी सामान्य डिलीवरी हो गई और उसने बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद मां और नवजात को जिला अस्पताल लाया गया। परिजन के अनुसार उस समय दोनों की हालत सामान्य थी। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने संगीता को नसबंदी कराने की सलाह दी। परिजन इसके लिए सहमत हो गए। दोपहर करीब 12:30 बजे उसकी नसबंदी की गई। इसके बाद महिला को दर्द होने लगा। 1:30 बजे उसे दर्द कम करने का इंजेक्शन लगाया गया। करीब 3 बजे फिर इंजेक्शन दिया गया, जिसके बाद वह सो गई।

महिला के पति त्रिलोक लोधी का आरोप है कि शाम करीब 5:30 बजे तीसरा इंजेक्शन लगाए जाने के बाद संगीता की धड़कन चलना बंद हो गई। इसके बाद डॉक्टर उसे आईसीयू में ले गए। करीब एक घंटे बाद शाम 6:30 बजे उसे मृत घोषित कर दिया गया। पति का आरोप है कि महिला की मौत 5:30 बजे ही हो गई थी और इसके बाद करीब एक घंटे तक आईसीयू में रखकर इलाज किए जाने का दिखावा किया गया। परिजन का कहना है कि अंधेरा होने के बाद महिला के शव को मर्चुरी में रखवा दिया गया। घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

परिजन ने लापरवाही का लगाया आरोप

मृतक संगीता के दो बच्चे पहले से हैं। जिसमें एक बेटा और एक बेटी है। डिलीवरी के दौरान उसने एक बेटी को जन्म दिया है जो पूरी तरह से स्वस्थ्य है। हालांकि नसबंदी से पहले संगीता भी पूरी तरह से स्वस्थ्य थी। सबकुछ नॉर्मल था। डिलीवरी भी नॉर्मल हुई। इसके साथ ही क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की इस मामले में क्या भूमिका रही, यह भी स्पष्ट किया जाना जरूरी है।

रिपोर्ट आने दो

नसबंदी के बाद महिला को दर्द हो रहा था, इसलिए दर्द कम करने के लिए इंजेक्शन दिए गए थे। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। घटना के समय डॉक्टर अर्चना पटेल अस्पताल में ड्यूटी पर थीं।
- **अनूप वर्मा,** सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय विदिशा

धान फसल के लिए हलाली बांध से पानी छोड़ने की मांग

समय पर सिंचाई नहीं तो फसल खराब होने का खतरा, किसानों ने कलेक्टर के नाम सौंपा आवेदन



विदिशा। ज्ञापन देकर किसानों ने की हलाली की नहर में पानी छोड़ने की मांग।

हरिभूमि न्यूज, विदिशा। धान की फसल में सिंचाई के लिए हलाली बांध से नहर और नदी में पानी छोड़ने की मांग को लेकर आसपास के गांवों के किसानों ने सोमवार को कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा। किसानों ने बताया कि धान की फसल इस समय बालियां आने की अवस्था में है। ऐसे में पर्याप्त पानी नहीं मिलने पर उत्पादन प्रभावित होने के साथ फसल खराब होने का खतरा है। किसानों ने आवेदन में बताया कि बामनखेड़ा, बोरिया, बल्लाखेड़ी, करैया हाट, खेजड़ा सुल्तान, पथरिया, मड़ैया, बाला बरखेड़ा, पिपरिया मोटा और काछीखेड़ा सहित आसपास के गांवों में बड़ी संख्या में धान की खेती की गई है। फसल अंतिम अवस्था में पहुंच चुकी है और इस समय सिंचाई की आवश्यकता है। किसानों ने कलेक्टर से हलाली बांध से नहर एवं नदी में पानी छोड़ने के आदेश देने की मांग की, ताकि समय पर सिंचाई हो सके। आवेदन देने वालों में हदेश सिंह, कुलदीप, अंशुल, अनूप सहित अन्य किसान शामिल रहे।

भोपाल में मिली नाबालिग, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज, नटेरन। थाना नटेरन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 अगस्त को ग्राम रायखेड़ी से लापता हुई नाबालिग बालिका को 4 अक्टूबर को भोपाल से सकुशल दस्तयाब किया। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने लगातार प्रयास किए। बालिका के कथन एवं विवेचना के आधार पर प्रकरण में धाराओं का इजाफा किया गया है। पुलिस ने आरोपी सोनू पिता बैजनाथ सिंह कुशवाह (27) निवासी ग्राम घोंघरा को गिरफ्तार कर लिया। बालिका को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया।

दशहरा उत्सव को गरिमामयी बनाने हुई समाज की बैठक

समाजजन जुटे, 7 सह-संयोजकों को सौंपी जिम्मेदारी



विदिशा। बैठक में दशहरा उत्सव समिति के सह-संयोजकों की घोषणा की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राजपूत धर्मशाला में दशहरा उत्सव को भव्य एवं गरिमामय बनाने की तैयारियों को लेकर समाजजनों की बैठक आयोजित की गई।

जिलेभर में होने वाले आयोजन की व्यवस्थाओं और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में दशहरा उत्सव समिति के सह-संयोजकों की घोषणा की गई। मुकेश सिंह गंजबासौदा, किशन सिंह रायजादा शमशाबाद, अरविंद सिंह राजपूत ग्यारसपुर, उजवेंद्र सिंह कुरवाई, संजय सिंह पठारी, गोविंद चौहान सिरोंज और गोपाल सिंह लटेरी को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त सह-संयोजकों का समाजजनों ने फूल-मालाओं और साफा बांधकर स्वागत किया। वक्ताओं ने कहा कि जिलेभर के राजपूत संगठनों और समाजजनों की सहभागिता से आयोजन को भव्य स्वरूप दिया जाएगा।

बैठक में ट्रस्ट अध्यक्ष ठाकुर प्रदीप सिंह चंदेल वर्धा, तीरथ प्रताप सिंह दरबार, दशहरा संयोजक जितेंद्र सिंह ठर्र, राजाराम राजपूत, योगेंद्र भदौरिया, छत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष लोचन सिंह, रामपाल सिंह गंजबासौदा, समिति अध्यक्ष प्रवीण सिंह, प्रमोद सिंह, एडवोकेट देवेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं युवा उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर सहयोग करने का संकल्प लिया।

अग्रसेन जयंती पर प्रतियोगिताएं हुईं

विदिशा। मारवाड़ी अग्रवाल पंचायत के तत्वावधान में अग्रसेन जयंती समिति द्वारा अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री अग्रसेन जी की आरती से हुई। इसके बाद माला बनाना, खड़े गरम मसालों से रंगोली, सरप्राइज गेम, बैलून गेम और 'देशी बाबू-गौरी मेम' सहित अन्य प्रतियोगिताएं हुईं। महिलाओं और समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन में घनश्याम बंसल, भगवान अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, गिर्राज गोयल, कपिल अग्रवाल, ऋषि गोयल सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

हर मतदान केंद्र से 10 कार्यकर्ताओं की सहभागिता का लक्ष्य, स्वास्थ्य शिविर और सेवा कार्य भी होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



7 अक्टूबर को आयोजित होने वाली सेवा ज्योति यात्रा और विकसित भारत सभा को लेकर सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं सांसद शिवराज सिंह चौहान सहभागिता करेंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र से 10 कार्यकर्ताओं की सहभागिता का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान जनसंवाद के साथ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान तथा केंद्र और राज्य सरकार की हितग्राही योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

बैठक को संबोधित करते हुए विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि 'सेवा ही संगठन' के मूल मंत्र के साथ यात्रा का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचना और पात्र लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है। अभियान संयोजक एवं जिला महामंत्री बलवीर रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं से आयोजन में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। बैठक में जिला महामंत्री अनिल सोनकर, जिला उपाध्यक्ष संतोष शर्मा, पंकज पांडे, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल जैन, संयोग श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, रामेश्वर किरार, अंकित शर्मा, अरुणा मांझी सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

70वीं राज्य स्तरीय वॉलीबॉल-मलखंब प्रतियोगिता आज से

विदिशा। जिला खेल परिसर में 70वीं राज्य स्तरीय शालेय वॉलीबॉल एवं मलखंब प्रतियोगिता का शुभारंभ 6 अक्टूबर को होगा। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से करीब 450 खिलाड़ी, 80 कोच-मैनेजर और 50 स्टेट ऑफिशियल शामिल होंगे। व्यवस्थाओं के लिए 90 नियमित, खेल एवं अतिथि खेल शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था बालिकाओं के लिए कामधेनु गार्डन तथा बालकों के लिए सम्राट और हरदौल गार्डन में की गई है। प्रतियोगिता से पहले शाम 5 बजे माधवगंज से स्टेडियम तक नशामुक्ति और खेल जागरूकता संदेश के साथ रैली निकलेगी।

स्व. मथुरा मोहन श्रीवास्तव को शास्त्रीय गायन से स्वरांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



पं. गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास की ओर से अपने संस्थापक न्यासी, ग्वालियर घराने के गायक एवं संगीताचार्य स्व. मथुरा मोहन श्रीवास्तव के पुण्य स्मरण में माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट तलैया में शास्त्रीय गायन किया गया। ख्यात गायक सुदिन श्रीवास्तव के अनुसार गायिका अवनि भार्गव ने राग यमन से शुरु किया। उन्होंने विलंबित एकताल में 'करिये कृपा मोपे मोरे श्याम मुरारी' प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इसके बाद मध्यलय एकताल में 'सबके हितकारी, महादेव त्रिपुरारी' का भावपूर्ण गायन किया।

तबले पर पं. शशिकांत शर्मा और हारमोनियम पर पं. नीलेश तिवारी ने संगत की। दिल्ली से आए किराना घराने के गायक डॉ. अविनाश कुमार ने राग जोग में विलंबित एकताल की बंदिश 'पियरवा को बिलमाये' प्रस्तुत की। इसके बाद द्रुत तीनताल और एकताल की बंदिशों के साथ राग भैरवी में 'शारदे मां जगत जननी' भजन प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समापन किया। तबले पर डॉ. अशेष उपाध्याय ने संगत की। कार्यक्रम से पहले मां सरस्वती और स्व. मथुरा मोहन श्रीवास्तव के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित की गई।

स्वामित्व योजना के कार्य से पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सहायकों ने जताई असमर्थता

ग्यारसपुर। पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक संयुक्त मोर्चा ने स्वामित्व योजना के कार्य से पृथक रखने की मांग को लेकर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के नाम ज्ञापन सौंपा। जनपद पहुंचकर मोर्चे के सदस्यों ने पंचायत इंस्पेक्टर महेश कुशवाहा को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार वे स्वामित्व योजना का कार्य करने में असमर्थ हैं। पूर्व में भी ज्ञापन देकर असमर्थता जताई गई थी, लेकिन कार्य के लिए दबाव बनाया जा रहा है। मोर्चे ने कहा कि यह कार्य राजस्व विभाग से संबंधित है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस दौरान जितेंद्र दांगी, अवधनारायण मीना, शैलेंद्र रघुवंशी, सुनील अहिरवार सहित अन्य मौजूद रहे।



आंगन मिलन सेवा में महिलाओं को बताई मातृ वंदना सहित योजनाओं की जानकारी

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत राजेंद्रनगर बक्सरिया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2/6 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गर्भवती एवं धात्री माताओं के स्वागत के साथ हुई। इस दौरान सुपरवाइजर बबीता सिंह ने महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया और पात्रता के संबंध में भी बताया। कार्यक्रम में 'मेरी कहानी, मेरी जुबानी' गतिविधि आयोजित की गई। इसमें महिलाओं से शासन की योजनाओं से मिल रहे लाभ और उनके अनुभवों की जानकारी ली गई। साथ ही महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण और विभागीय सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज सक्सेना, प्रमिला तिवारी, कौशल्या विश्वकर्मा, पुष्पा राजपूत, हेमलता शाक्य, सुधा सक्सेना, ज्योति अहिरवार, मेघा सक्सेना, सविता सक्सेना सहित सहायिका उपस्थित रहीं।



10 अक्टूबर को माधवगंज से निकलेगी माता महाकाली की शोभायात्रा

महिलाओं ने संभाली महाकाली उत्सव की कमान

- समिति की संरक्षक रहेंगी जिपं अध्यक्ष गीता रघुवंशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

श्री महाकाली बांसकुली नारी शक्ति मंडल की बैठक उत्साह और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई। बैठक में महिलाओं ने तन-मन से सहयोग करते हुए श्री महाकाली उत्सव के 9 दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। इस दौरान नारी शक्ति मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।

बैठक में संध्या गोस्वामी को नारी शक्ति मंडल का अध्यक्ष चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सीमा रघुवंशी, संध्या जड़िया, गीता राजपूत, मंजू राजपूत और मीना को सौंपी गई। उपाध्यक्ष पद पर रजनी पटेल, मंजू सोनी, महिमा सोनी, अंजू सोनी, प्रियंका राजपूत, श्यामा रघुवंशी और विमला सोनी को जिम्मेदारी दी गई। आयोजक टीम में रश्मि सिरवैया, सुपर्णा सिंह राजपूत, ज्योति नीरज शर्मा, वर्षा राजपूत, वर्षा पासी, प्रिया जैन, प्रियंका जैन, नीलम जैन, अंजू वर्मा, निर्मल कौर, मिथिलेश और नीतू भदौरिया शामिल हैं।



विदिशा। नौ दिवसीय दुर्गा उत्सव को लेकर नारी शक्ति मंडल की बैठक हुई।

महामंत्री की जिम्मेदारी आयुषी राजपूत और ललिता राजपूत को, मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी अनामिका पचौरी, मंजू सोनी और कनक राजपूत को तथा कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी रीना राजपूत को दी गई। उत्सव समिति की संरक्षक गीता कैलाश रघुवंशी रहेंगी।

शस्त्र पूजा और महिला अखाड़ा रहेगा आकर्षण

9 दिवसीय उत्सव में शस्त्र पूजा, महिलाओं का अखाड़ा और भंडारा प्रमुख आकर्षण रहेंगे। पूरे नौ दिनों तक माता महाकाली की महाआरती भी आयोजित की जाएगी। श्री महाकाली बांसकुली की ऐतिहासिक धार्मिक परंपरा वर्ष 2026 में 79वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। महिलाओं ने उत्सव को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां संभाल ली हैं।

10 अक्टूबर को होगा माता महाकाली का आगमन

माता महाकाली का भव्य आगमन 10 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे माधवगंज से आजाद बैंड के साथ शुरू होगा। शोभायात्रा माधवगंज से मुख्य मार्ग, तिलक चौक और बड़ा बाजार होते हुए श्री महाकाली बांसकुली दरबार पहुंचेगी।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-6000
सरसों
न्यूनतम भाव-7000
उच्चतम भाव-8030
चना
न्यूनतम भाव-4820
उच्चतम भाव-7320
मसूर
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-8910
शरबती
न्यूनतम भाव-3206
उच्चतम भाव-5301
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2461
उच्चतम भाव-3121
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2540
उच्चतम भाव-2745
बटरी
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-3200
मूंग
न्यूनतम भाव-2210
उच्चतम भाव-7586
उड़द
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-8420
मक्का
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-1890
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव-3450
धनिया
न्यूनतम भाव-12000
उच्चतम भाव-12000

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 13401 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

नपा लगा रही गमले



गंजबासौदा। पाराशरी पुल पर सौंदर्यकरण के अंतर्गत नगर पालिका द्वारा फूलों के गमले लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया है।

अवैध क्लीनिकों पर की कार्रवाई, त्योंदा रोड और सिरनोटा में क्लीनिक सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक एवं बिना वैध दस्तावेजों के चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के क्रम में सोमवार को एसडीएम अनुभा जैन के निर्देश पर राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा त्योंदा रोड पर छोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई में त्योंदा रोड पर तुषार कांति दास एवं सुमित मालाकार द्वारा अवैध रुप से क्लीनिक संचालित किया जा रहा था। शासकीय अस्पताल प्रभारी डॉ. रविंद्र चिड़ार, पटवारी एवं पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई करते हुए क्लीनिक को सील किया गया। वहीं ग्राम सिरनोटा में कार्रवाई की गई। संयुक्त दल ने ग्राम सिरनोटा में उमेश यादव द्वारा संचालित क्लिनिक का निरीक्षण किया। इस दौरान क्लीनिक में उपचार के लिए पांच मरीज मौके पर पाए गए। क्लिनिक संचालन एवं चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए उमेश यादव से जानकारी एवं दस्तावेज मांगे गए, लेकिन उनके द्वारा क्लिनिक संचालन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। मौके पर की गई जांच एवं उपलब्ध तथ्यों के आधार पर संयुक्त दल द्वारा पंचनामा तैयार किया गया तथा क्लिनिक सील करने की कार्रवाई की गई। साथ ही आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी त्योंदा को पत्र प्रेषित किया गया है। इस कार्रवाई में तहसीलदार त्योंदा आनंद जैन, खण्ड चिकित्सा अधिकारी त्योंदा डॉ. नीलेश गुर्जर, चिकित्सा अधिकारी त्योंदा डॉ. प्रमेन्द्र तिवारी तथा फार्मासिस्ट त्योंदा राहुल साहू उपस्थित रहे। प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवैध रूप से संचालित चिकित्सा संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं वैध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

ड्रीम सिटी कॉलोनी की घटना, कैमरे हैं लेकिन स्ट्रीट लाइट नहीं होने से परेशानी

कुछ घंटे के लिए सूना छोड़ा घर ,चोर ले उड़े लाखों का माल और नकदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





ड्रीम सिटी कॉलोनी में गत शाम मात्र कुछ घंटे के लिए सूने पडे आवास से अज्ञात चोर 16 तौला सोने, आधा किलो चांदी और 80 हजार रूपए नकदी पर हाथ साफ कर गए। रात में वापस लौटे घर मालिक को चोरी की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके की जांच करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ड्रीम सिटी कॉलोनी निवासी अंकित अग्रवाल गत शाम करीब 5 बजे अपने परिवार की महिला को प्रसव के लिए विदिशा भर्ती कराने गए थे। रात करीब 11 बजे वापस लौटने पर उन्हें घर के ताले टूटे मिले और घर का सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने मात्र कुछ घंटे के लिए सूने रहे उनके आवास से सोने की चेन, मंगलसूत्र, एक डायमंड सेट, 12 जोड़ी सोने के कान के गहने, चांदी की पायल, बिछुड़ी और चांदी के सिक्के ले गए। साथ ही 80 हजार रुपये नकद भी चोरी कर ले गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सोमवार सुबह विदिशा से एफएसएल टीम ने फिंगरप्रिंट के नमूने लिए और जांच की। शहर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोरों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। उधर कॉलोनी में सीसी टीवी कैमरे तो लगे हुए हैं, लेकिन कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट न लगी होने से अंधेरे के कारण चोरों की गतिविधियां या उनके वाहनों की सही से पहचान नहीं हो पा रही है। जिससे पुलिस को इस मामले को सुलझाने के लिए कॉलोनी के बाहर लगे सीसी टीवी कैमरों की जांच और अन्य तरह से सुरागरसी करना पड रही है। हांलाकि पुलिस ने रात से ही कार्रवाई शुरू करते हुए कुछ संदिग्धों से पूछताछ भी शुरू कर दी है और उम्मीद की जा रही है कि पुलिस द्वारा शीघ्र ही चोरों का पता लगाकर चोरी गया सारा सामान जब्त कर लिया जाएगा।

विधायक ने चश्मों का वितरण किया

गंजबासौदा। नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में, सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ के सहयोग से, स्वर्गीय सरोज नामदेव की पुण्य स्मृति में उनके पति प्रकाश नामदेव एवं परिवार के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में सोमवार को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं भाजपा उपाध्यक्ष जितेंद्र मीणा की उपस्थिति रही। इस अवसर पर समिति द्वारा शप्रकाश नामदेव, उनके पुत्र हेमंत नामदेव एवं परिवार का शाल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया तथा उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। शिविर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हरि प्रसाद एवं भोपाल से पधारे डॉ. हितेश मिचलानी सहित उनकी टीम द्वारा कुल 75 मरीजों की जांच की गई। इनमें से 40 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया। 25 मरीजों को जांच उपरांत निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा 10 मरीजों को चश्मा बनवाने हेतु परामर्श प्रदान किया गया एवं दवाइयां दी गईं। कार्यक्रम में नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, सह सचिव विनीत अरोरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र जैन ने किया, जबकि आभार व्यक्त समिति के प्रवक्ता राजकुमार मलकानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्लड प्रेशर जांच सहयोगी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, सुरेश ताम्रकार, दया शंकर जायसवाल, सतपाल तनवानी, हरिसिंह ठाकुर, प्रकाश महेश्वरी, लाल बहादुर ताम्रकार, नेतराम मिश्रा, नाटू भाई, चंद्रशेखर ताम्रकार, राम गोपाल गुप्ता, प्रकाश वाधवानी, हेमंत राय, खेमचंद मेहता, विजय अरोरा, राधेश्याम साहू, प्रेम नारायण, हितकारिणी धर्मशाला मैनेजर रामबाबू दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



रिपटा घाट से निकाली पीओपी की गणेश प्रतिमाएं

गंजबासौदा। बेतवा नदी को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने के संकल्प के साथ चल रहे साप्ताहिक श्रमदान अभियान 6.0 के अंतर्गत रविवार को रिपटा घाट पर नदी जल स्वच्छता कार्यक्रम का दूसरा चरण संपन्न हुआ। श्रमदान के दौरान नदी और घाट क्षेत्र से बड़ी मात्रा में कचरा निकालने के साथ-साथ प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियां भी बाहर निकाली गईं। नदी के भीतर और किनारों पर मिली इन मूर्तियों ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा किया कि जिस नदी को हम जीवनदायिनी और पूजनीय मानते हैं, उसी में प्रदूषण का भार क्यों डाला जा रहा है। श्रमदानियों ने नदी से निकलने वाली प्रत्येक मूर्ति और कचरे को केवल एक वस्तु के रूप में नहीं, बल्कि बदलती नागरिक मानसिकता की चुनौती के रूप में देखा। उनका कहना है कि आस्था किसी नदी को प्रदूषित करने का कारण नहीं, बल्कि उसे बचाने की प्रेरणा बननी चाहिए। धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए पर्यावरण-अनुकूल विसर्जन की परंपरा विकसित करना आज समय की आवश्यकता है। अभियान में युवाओं के साथ बाल श्रमदानियों की सहभागिता भी विशेष रूप से देखने को मिली। सूर्य प्रताप सिंह राजपूत, रुद्रांश सिंह, गजराज राय, अंशुल शर्मा, नीतेश कुमार एवं आकाश जैन के साथ जैत्र राजपूत एवं नक्ष राजपूत ने भी श्रमदान किया।बाल श्रमदानियों की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि नदी संरक्षण केवल किसी एक संस्था, दल या पीढ़ी का विषय नहीं है। जिस नदी का पानी आने वाली पीढ़ियां पीएंगी, उसकी रक्षा में आज की पीढ़ी को ही आगे आना होगा। श्रमदानियों ने कहा कि नदी की स्वच्छता केवल सरकारी व्यवस्था पर निर्भर नहीं हो सकती। प्रशासन सफाई व्यवस्था उपलब्ध करा सकता है, लेकिन नदी को गंदा न करने का संस्कार समाज को स्वयं विकसित करना होगा। यही नागरिक जिम्मेदारी नदी संरक्षण की वास्तविक नींव है।



वायु सेना दिवस पर कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रविवार को दिशा म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में दादूजी प्लाजा में गीतों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां कलाकारों ने देकर समां बांध दिया। दिशा म्यूजिकल ग्रुप की संचालक बबीता सुरेश जैन एवं वायु सेना दिवस की प्रभारी जागेश्वरी मुकेश खन्ना द्वारा विशिष्ट अतिथि एवं सम्मानित अतिथि और गायको को मोतियों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक दीवाना एवं दिशा ग्रुप की संचालिका बबीता सुरेश जैन ने किया एवं मुकेश खन्ना ने आभार व्यक्त किया। गीत संगीत के कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्र में कार्य कर रहे नगर की 18 सदस्यीय प्रतिभाओं का वायु सेना दिवस की पूर्व संध्या पर सार्जेंट मुकेश खन्ना, सेवानिवृत्त जागेश खन्ना एवं आकाश योद्धा परिवार एवं दिशा म्यूजिकल ग्रुप परिवार द्वारा मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मधुलिका अग्रवाल, सुरेश कुमार, अशोक अग्रवाल, सतनाम सिंह राजपूत, अमान सिंह राजपूत, संतोष शर्मा, जगदीप सिंह राजपूत, विशाल तनवानी, नीलू चौबे उपस्थित रहीं। गीत संगीत के इस कार्यक्रम में अभिषेक राजपूत, सतनाम सिंह राजपूत, बबीता जैन और दीपक दीवाना की युगलबंदी के साथ प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

नगर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सोमवार को मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा पूर्व विधायक निशंक जैन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अनुभा जैन को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें नगर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर में जहां जहां भी नालियाँ एवं सड़क निर्माण अधूरा है, पूर्ण नहीं हुआ है उसे तुरंत अवलोकन कराकर निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाऐ ,सम्पूर्ण नगर में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाऐ, पेयजल की जो पाइप लाइन नालियों में डाली गई है उन्हें स्वच्छ स्थानों पर व्यवस्थित किया जाऐ, जिससे कि भविष्य में इंदौर जैसी भीषण घटना का सामना न करना पड़े और नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके, नगर में जिन स्थानों पर रोशनी का अभाव है,वहाँ पर पर्याप्त स्ट्रीट लाइट लगाकर रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। नगर की जिन गलियों में विद्युत कंपनी द्वारा सर्विस लाइन मकानों पर बांधकर ले जाई गई है उन सभी लाइन को व्यवस्थित रूप से पोल के माध्यम व्यवस्थित किया जाऐ, कई घरों में सोलर पेनल लगे होने के बावजूद उन्हें मनमाने बिजली बिल दिए जा रहे हैं और अधिक राशि के बिलों में कोई संशोधन भी नहीं किया जा रहा है संशोधन के नाम पर उपभोक्ता को हेल्पलाइन पर संपर्क करने का कहकर विभाग अपना पल्ला झाड लेता है। विभाग द्वारा प्रत्येक वार्ड में कैम्प लगाकर विद्युत बिलों में संशोधन किया जाए सहित अनेक मांगें शामिल हैं। इस दौरान पूर्व विधायक निशंक जैन, बीडी शर्मा, सुनील बाबू पिंगले, लक्ष्मण सिंह गुर्जर,नगर अध्यक्ष यशवंत बंटी गुर्जर, रवि तिवारी, विष्णु शर्मा, प्रदीप लाहोरी,नपा नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, पार्षद मंजू कुशवाह, हरीश भावसार, विनोद जैन, राजू जैन, सुजीत सराठे, रवि यादव, उमेश सोनी, आकाश शर्मा, अंसार मंसूरी आदि उपस्थित रहे।

यातायात पुलिस ने बनाए चालान

गंजबासौदा। सोमवार को यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में जयस्तंभ चौक पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने 12 दो पहिया वाहन चालकों के दस्तावेजों की जांच की। जिनके न पाए जाने पर 6300 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इस अवसर पर अनेक यातायात पुलिस कर्मी मौजूद रहे। जिन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की बात कही।

राजस्थान से भोपाल, विदिशा होते हुए गंजबासौदा आ रही ब्राउन शुगर, 6 आरोपी पकड़ाए, 16 लाख का मशरूका बरामद

ड्रग्स के नेटवर्क पर कार्रवाई, 36 ग्राम से अधिक ब्राउन शुगर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन क्लीन स्वीप" के अंतर्गत संगठित ड्रग नेटवर्क के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है। थाना गंजबासौदा शहर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 38.56 ग्राम ब्राउन शुगर सहित ईको स्पोर्ट कार, मोटरसाइकिल, 5 मोबाइल फोन एवं 2 इलेक्ट्रॉनिक कांटे जब्त किए गए हैं। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 16.50 लाख है।

यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) जोन रुचिवर्धन मिश्र एवं उप पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) रेंज राजेश सिंह चंदेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी और एएसपी मोनिका तिवारी के नेतृत्व और एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में की गई। गत 1 अक्टूबर को दमयंती धर्मकांटा, जली मिल रोड के पास बाइक से ब्राउन शुगर की बिक्री करने पहुंचे अनुज दुबे उर्फ अन्नू महाराज एवं यशवंत रघुवंशी को पकड़ा गया। उनके कब्जे से 10.80 ग्राम ब्राउन शुगर तथा यशवंत रघुवंशी के कब्जे से मोटरसाइकिल जब्त की गई। पूछताछ में उन्होंने ब्राउन शुगर उपलब्ध कराने वाले राजा रघुवंशी एवं मोहित उर्फ लड्डू दांगी की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने राजा रघुवंशी एवं विनीता जाटव को त्योदा रोड से पकड़ा। इनके पास से 20 ग्राम ब्राउन शुगर, ईकोस्पोर्ट कार, 4 मोबाइल फोन एवं इलेक्ट्रॉनिक कांटा जब्त किया गया। मोहित उर्फ लड्डू दांगी को शिवनगर से पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 1 मोबाइल फोन एवं 1 इलेक्ट्रॉनिक कांटा जब्त किया गया। इसी दिन न्यू बस स्टैंड के पास से धर्मेन्द्र दांगी को पकड़कर 7.70 ग्राम ब्राउन शुगर, कीमत 77,000 जब्त की गई।

इस पूरी कार्रवाई में पुलिस ने 38.56 ग्राम ब्राउन शुगर सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 16.50 लाख का मशरूका जब्त किया है। आर्थिक नेटवर्क पर भी कार्रवाई करते हुए बैंक खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया की जा रही है। उक्त कार्रवाई में टीआई संजय वेदिया, निरीक्षक मोहरसिंह मंडेलिया, उनि बी.एल. मालवीय, उनि कमलेश सोनकर, सउनि सिद्धांत भदौरिया, प्रआर सुरेश रघुवंशी, दिलीप बाथम, आरक्षक सरमन साहू, सतेन्द्र सिंह तोमर, गौरव शर्मा, शिवम परिहार, सुमित अवस्थी, अजय यादव, अभिषेक शुक्ला एवं महिला आरक्षक शिवानी मिश्रा की विशेष भूमिका रही।

पुलिस जांच में ब्राउन शुगर की आपूर्ति राजस्थान के झालावाड़ क्षेत्र से किए जाने की जानकारी सामने आई। जांच में ललित मीना, रामस्वरूप मीना, मोहन मीना एवं बालचंद तलवार के नाम थोक आपूर्ति से जुड़े होने, राजस्थान से मादक पदार्थ भोपाल के बाद विदिशा जिले में वितरित किए जाने और गंजबासौदा क्षेत्र में लोकल स्तर पर फुटकर बिक्री का पता चला। यह मादक पदार्थ ट्रेन, बस एवं अन्य साधनों से लाए जाते है। ग्राहकों से फोन पे एवं अन्य डिजिटल माध्यमों से भुगतान प्राप्त किया जाता था। भुगतान प्राप्त होने के बाद ब्राउन शुगर को किसी गुप्त स्थान पर छिपाकर उस स्थान का वीडियो बनाकर वाट्सएप से ग्राहक को भेजा जाता था।ग्राहक वीडियो में बताए गए स्थान पर पहुंचकर मादक पदार्थ प्राप्त करता था। पुलिस द्वारा डिजिटल लेनदेन, मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है। प्रकरण में धारा 8/21 NDPS एक्ट एवं इजाफा धारा 29 NDPS एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपियों द्वारा मादक पदार्थों की बिक्री से प्राप्त राशि के डिजिटल एवं बैंकिंग माध्यमों से लेनदेन पर आरोपियों के मोबाइल फोन, डिजिटल लेनदेन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है।

श्राद्ध केवल कर्मकांड नहीं बल्कि पूर्वजों के प्रति श्रद्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवा केंद्र द्वारा बेतवा तट रिपटा घाट पर जाकर संदेश दिया गया कि श्राद्ध शब्द 'श्रद्धा' से बना है। जब हम श्रद्धा और विश्वास के साथ कोई कार्य करते हैं तो हमारे भाव और संकल्पों का प्रभाव वातावरण तक पहुंचता है। श्रद्धा के साथ जब हम अपने पूर्वजों को याद करते हैं, उनके प्रति शुद्ध संकल्प और कृतज्ञता के भाव अर्पित करते हैं, तो यही वास्तविक अर्थों में श्राद्ध है। श्राद्ध केवल पूर्वजों को याद करने की एक क्रिया नहीं, बल्कि उनके श्रेष्ठ गुणों, संस्कारों और कर्तव्यों को स्मरण कर उन्हें अपने जीवन में उतारने का अवसर है। यह आध्यात्मिक विचार ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने श्राद्ध के महत्व पर प्रकाश डालते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि श्राद्ध के समय प्रत्येक व्यक्ति अपने माता-पिता और पूर्वजों के अच्छे गुणों, उनके त्याग, सेवा, संस्कार और कर्तव्यों को याद करता है। हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि उन्होंने अपने जीवन में जो श्रेष्ठ कार्य किए, उन मूल्यों को हम भी अपने जीवन में अपनाएं। यदि माता-पिता अपने बच्चों के जीवित रहते हुए उनके प्रति प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद बरसाते हैं, तो उनके शरीर छोड़ने के बाद उनके रुष्ट होने की कल्पना करने के बजाय हमें उनके प्रति अपने कर्तव्यों और संस्कारों को समझना चाहिए। ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि श्राद्ध का वास्तविक संदेश यही है कि जीते-जी माता-पिता की सेवा करें, उन्हें सम्मान दें।



प्रतियोगिताएं आयोजित



गंजबासौदा। नवांकुर विद्यापीठ में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत भाषण, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें यातायात और सड़क सुरक्षा पर विद्यार्थियों ने स्लोगन प्रस्तुत किये। चित्रकला के माध्यम से यातायात सुरक्षा का महत्व प्रदर्शित किया तथा भाषणों द्वारा सड़क सुरक्षा का महत्व बताया। इन तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी, राकेश साहू, शैलेंद्र दीक्षित तथा प्राचार्य संदीप रावत उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न हुई

सागर। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन सागर के तत्वावधान में एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सागर के खेल परिसर मैदान में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं अंडर-16 बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अंडर-14 वर्ग में ट्रायथलॉन ए, बी एवं सी के अंतर्गत 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, 600 मीटर दौड़ एवं बैक थ्रो आदि स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। वहीं अंडर-16 बालक-बालिका वर्ग में 60 मीटर दौड़, 80 मीटर हर्डल्स, 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक आदि विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में जिले के सभी विकासखंडों से लगभग 200 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन सागर की सचिव श्रीमती संगीता सिंह भदौरिया ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर श्रेष्ठ 13 खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

बिजली योजना का शिविर नगर संभाग में आयोजित

सागर। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के नगर संभाग सागर में सेवा-सेतु अभियान के तहत प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का वृहद स्तर पर शिविर आयोजित किया जा रहा है। नगर संभाग के सहायक अभियंता कृष्णा पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओ के लिए जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उददेश्य ऊर्जा संरक्षण, सौर ऊर्जा के उपयोग, विद्युत सेवाओं की उपलब्धता तथा उपभोक्तओं की समस्याओं का सीधा समाधान करना है। शिविर में उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

मुख्य मार्गों पर बिल्डिंग मटेरियल दुकानदारों का कब्जा

सड़क तक फैला रेत व अन्य निर्माण सामग्री का कारोबार, जाम से नागरिक हुए परेशान

नगर पालिका की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई पर उठ रहे सवाल, कार्रवाई के बाद फिर जस की तस हो जाती है स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



नगर में अतिक्रमण की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। नगर के प्रमुख मार्गों पर बिल्डिंग मटेरियल का कारोबार करने वाले दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे और सड़क के हिस्से तक रेत, लोहा,सरिया सहित अन्य निर्माण सामग्री रखकर कब्जा किए जाने से आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई स्थानों पर दुकानों के बाहर करीब 10-10 फीट तक निर्माण सामग्री सड़क की ओर फैली हुई दिखाई देती है। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई है और वाहन चालकों को निकलने में परेशानी होती है। व्यस्त समय में यही स्थिति जाम का कारण भी बन रही है। नगर के लिंक रोड, आरोन रोड, तहसील रोड सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे बिल्डिंग मटेरियल की दुकानें संचालित हो रही हैं। इन दुकानों के बाहर रेत,लोहा,सरिया सहित अन्य सामग्री रखी जा रही है। दुकानदारों द्वारा सड़क और सार्वजनिक स्थान का उपयोग अपनी दुकान के विस्तार के रूप में किए जाने से राहगीरों के लिए उपलब्ध जगह लगातार कम होती जा रही है। कई जगह पैदल चलने वालों के लिए भी सुरक्षित स्थान नहीं बचता, जिसके कारण उन्हें सड़क पर वाहनों के बीच से निकलना पड़ता है।

सड़क पर ही फैल जाता है कारोबार

नगर में पिछले कुछ समय से निर्माण कार्यों के चलते रेत सहित अन्य बिल्डिंग मटेरियल का कारोबार तेजी से बढ़ा है। कारोबार बढ़ने के साथ ही दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के बाहर ही बड़ी मात्रा में निर्माण सामग्री जमा कर दी जाती है। सामग्री सड़क किनारे कई फीट तक फैल जाने के कारण वाहन चालकों को अपने वाहन सड़क के बीच से निकालने पड़ते हैं। एक ओर से आने वाले बड़े वाहन और दूसरी ओर से आने वाले वाहनों के कारण कई स्थानों पर यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को उठानी पड़ती है। सड़क किनारे निर्माण सामग्री के कारण कई बार वाहनों को अचानक दिशा बदलनी पड़ती है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क से यह सामग्री हटाकर दुकानों की सीमा निर्धारित नहीं की गई तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है।

चारों ओर रेत का कारोबार

भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी ने कहा कि नगर के मुख्य मार्गों पर बिल्डिंग मटेरियल दुकानदारों द्वारा रेत सहित अन्य सामग्री सड़क तक रख दी जाती है। इसके कारण आम नागरिकों को जाम सहित अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शहर में देखा जाए तो चारों ओर नर्मदा रेत का व्यापार तेजी से हो रहा है और व्यापारी अपनी दुकानों के बाहर सड़क किनारे रेत रखकर व्यापार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार करना सभी का अधिकार है, लेकिन व्यापार के लिए सार्वजनिक सड़क का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। सड़क आम नागरिकों के आवागमन के लिए है। यदि दुकान के बाहर 10-10 फीट तक रेत और अन्य सामग्री रख दी जाएगी तो सड़क की वास्तविक चौड़ाई कम होना स्वाभाविक है। इसका सीधा असर यातायात व्यवस्था पर पड़ता है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से मांग की कि मुख्य मार्गों पर अभियान चलाकर सड़क पर रखी निर्माण सामग्री को हटाया जाए और भविष्य में दोबारा सड़क पर सामग्री नहीं रखने के लिए संबंधित दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं।

जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल

नगरवासियों का कहना है कि अतिक्रमण कोई अचानक पैदा हुई समस्या नहीं है। मुख्य मार्गों पर लंबे समय से सड़क किनारे सामग्री रखी जा रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण नहीं किए जाने से समस्या बढ़ती जा रही है। यदि नगर पालिका के अधिकारी नियमित रूप से बाजार और मुख्य मार्गों का निरीक्षण करें तो सड़क पर सामग्री रखने वालों को तत्काल चिन्हित किया जा सकता है। नागरिकों का यह भी कहना है कि कार्रवाई के दौरान छोटे दुकानदारों या ठेले वालों तक सीमित रहने के बजाय सड़क पर स्थायी रूप से सामग्री फैलाकर कारोबार करने वालों पर भी समान रूप से नियम लागू किए जाने चाहिए। कार्रवाई में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए नियमित अभियान चलाने के साथ-साथ कार्रवाई की निरंतर निगरानी भी जरूरी है।

कार्रवाई के बाद फिर वही स्थिति

नगर पालिका द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किए जाने की बात सामने आती है, लेकिन कार्रवाई के कुछ समय बाद ही कई स्थानों पर दोबारा वही स्थिति दिखाई देने लगती है। इससे नगर पालिका की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की प्रभावशीलता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि केवल एक-दो दिन की कार्रवाई से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। जहां से अतिक्रमण हटाया जाता है, वहां दोबारा सड़क पर सामग्री न रखी जाए, इसके लिए नियमित निगरानी की जरूरत है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका को मुख्य मार्गों का सर्वे कर यह चिन्हित करना चाहिए कि किस दुकान के सामने कितनी जगह सार्वजनिक सड़क पर आती है। इसके बाद सड़क की सीमा स्पष्ट कर दुकानदारों को अपनी सामग्री निर्धारित सीमा के अंदर रखने के निर्देश दिए जाने चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए तो समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

इनका कहना है...

सड़कों पर सामान रखकर व्यापार करने वाले दुकानदारों का नगर पालिका द्वारा सर्वे करा लिया गया है। जल्द ही इन दुकानदारों को नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

राम प्रकाश साहू
मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिरोंज।

प्रशासन चाहे तो सुधर सकती है यातायात व्यवस्था

नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए सबसे पहले मुख्य मार्गों से अनावश्यक कब्जे हटाना जरूरी है। लिंक रोड, आरोन रोड और तहसील रोड जैसे प्रमुख मार्गों पर यदि सड़क किनारे रखी रेत, गिट्टी और अन्य सामग्री को निर्धारित सीमा के अंदर कराया जाए तो यातायात के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध हो सकती है। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका प्रशासन इस समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है। नागरिकों को उम्मीद है कि नगर पालिका सीएमओ सहित जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निरीक्षण कर सड़क पर रखी निर्माण सामग्री को हटाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करेंगे। साथ ही कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित न रहकर जमीन पर भी दिखाई देगी, ताकि मुख्य मार्गों पर आवागमन सुचारु हो और आम नागरिकों को रोजाना होने वाली परेशानी से राहत मिल सके।

दोपहिया वाहनों के पीछे दौड़ते हैं कुत्ते

नगर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से नागरिक परेशान

बच्चों के स्कूल कोचिंग जाने के दौरान बना रहता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



नगर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में लगातार बढ़ती आवारा कुत्तों की संख्या अब नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। गली-मोहल्लों में बड़ी संख्या में आवारा कुत्ते घूमते नजर आते हैं। इनके कारण विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्कूल और कोचिंग जाने वाले बच्चों को लेकर अभिभावकों में भी चिंता बनी हुई है। नागरिकों का कहना है कि कई स्थानों पर आवारा कुत्तों के झुंड सड़कों और गलियों में घूमते रहते हैं और राहगीरों को देखकर भौंकने के साथ ही उनके पीछे दौड़ने लगते हैं। वार्ड क्रमांक 14 मदार की ढाल निवासी वरिष्ठ समाजसेवी नूर मियां, फहीम मंसूरी, कैलाश प्रजापति,राहुल प्रजापति ने इस संबंध में नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदन देकर आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने आवेदन में बताया कि वार्ड क्रमांक 14 सहित शहर के अन्य वार्डों में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दिनभर मोहल्लों में इनका घूमना आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

वाहनों के पीछे दौड़ते हैं कुत्ते,बच्चों और बुजुर्गों को अधिक परेशानी

नागरिकों के अनुसार आवारा कुत्ते कई बार दोपहिया और चारपहिया वाहनों को देखकर उनके पीछे दौड़ने लगते हैं। इससे वाहन चालक घबरा जाते हैं और कई बार वाहन अनियंत्रित होने की स्थिति बन जाती है। विशेषकर रात के समय सड़कों पर अचानक कुत्तों के झुंड आ जाने से वाहन चालकों को परेशानी होती है। बाइक सवारों के पीछे कुत्तों के दौड़ने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। कई बार चालक संतुलन बिगड़ने के कारण घायल तक हो जाते हैं। मोहल्लों में घूमने वाले आवारा कुत्ते बच्चों और बुजुर्गों को देखकर भौंकते हैं तथा कई बार उनके पीछे दौड़ने लगते हैं। इससे छोटे बच्चों में भय का माहौल बना रहता है। स्कूल और कोचिंग के समय सुबह-शाम बच्चों का आवागमन अधिक रहता है, ऐसे में अभिभावक भी उनकी सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है।

नसबंदी और टीकाकरण कराने की मांग

समाजसेवी नूर मियां ने नगर पालिका से मांग की है कि शहर में आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कुत्तों की नसबंदी कराने के साथ ही उनका टीकाकरण कराने, बीमार एवं आक्रामक कुत्तों की पहचान कर उचित उपचार कराने तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि नगर के सभी वार्डों में इस समस्या का सर्वे कराकर व्यवस्थित रूप से कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।

इनका कहना है...

यदि शहर में किसी बीमार कुत्ते की जानकारी मिलती है तो नगर पालिका द्वारा ऐसे कुत्तों को उपचार के लिए अस्पताल लाया जाता है। उपचार के बाद जब कुत्ते स्वस्थ हो जाते हैं तो उन्हें वापस छोड़ दिया जाता है।

राम प्रकाश साहू
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सिरोंज

जनसेवा और स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. बीडी यादव सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान, जनस्वास्थ्य जागरूकता और सामुदायिक सेवा के लिए डॉ. बीडी यादव को RSSDI कम्युनिटी सर्विस अवार्ड से सम्मानित किया गया। 3 अक्टूबर को सांची-विदिशा में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डॉ. यादव को यह सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान उनकी सेवा भावना, जनस्वास्थ्य के प्रति समर्पण तथा जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाओं और जागरूकता पहुंचाने के प्रयासों के लिए दिया गया।

RSSDI कम्युनिटी सर्विस अवार्ड का उद्देश्य

स्वास्थ्य एवं विशेष रूप से मधुमेह जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा देने, रोगों की रोकथाम एवं समय पर जांच के लिए प्रेरित करने तथा समुदाय के बीच स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों की सहायता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले चिकित्सकों के योगदान को सम्मानित करना है। डॉ. बीडी यादव लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने सिविल हॉस्पिटल बरेली में सीबीएमओ के पद पर रहते हुए मिशन इंद्रधनुष अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई और निर्धारित लक्ष्य से अधिक टीकाकरण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री रुस्तम सिंह द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है।

इसके अलावा डॉ. यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैरतगंज एवं बाड़ी में सेवाएं देते हुए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों की रोकथाम और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कराया। इन प्रयासों के चलते 18 अप्रैल को मुंबई में उन्हें कार्डियो डायबिटिक मेटाबॉलिक मेडिसिन फेलोशिप अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था।

हितग्राहियों को मिला लाभ

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत लगा शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर परिषद के तत्वाधान में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन नाहर कॉलोनी में किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी स्थानीय अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा दी गई। शिविर का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने किया एसडीएम अंकित जैन, सीएमओ हरिशंकर वर्मा नगर परिषद के कर्मचारी महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी जुलेखा खान की विशेष उपस्थिति रही।

हितग्राहियों को लाभ

शिविर के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों से आए महिला पुरुषों की उपस्थिति रही। लोगों द्वारा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन दिए गए। शिविर में आए आवेदनों के निराकरण में पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया गया। पीएम स्वनिधी योजना श्रम योगी मानधन योजना पीएम आवास योजना के 16 प्रकरण पेंशन के 15 प्रकरण संबल योजना के 10 आयुष्मान योजना के 21 लाडली लक्ष्मी योजना के तीन प्रकारों की स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

1500 श्रावकों ने किया खोना वाले बाबा का अभिषेक

दान से जीवन होता है सार्थक: विमल सागर

त्रिदिवसीय महामस्तकाभिषेक महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



तहसील के ग्राम खरगोन में खोना वाले बाबा भगवान आदिनाथ का महामस्तक अभिषेक कार्यक्रम मुनि श्री विमल सागर एवं मुनि श्री अनंत सागर जी महाराज के सानिध्य में चल रहा है।लगभग 1500 श्रावकों ने खोना वाले बड़े बाबा श्री आदिनाथ भगवान का मस्तकाभिषेक किया। लगभग 5 हजार जैन समाज के नर नारियों की उपस्थिति रही।सर्वप्रथम दो दिवस से उपवासरत महातपस्वी मुनि श्री विमल सागर जी महाराज की आहरचर्या सम्पन्न हुई।

दान से जीवन सार्थक

मुनि विमल सागर जी को आहारदान देने का सौभाग्य नरेश, नितिन, नयन खैरी वाला परिवार खरगोन को प्राप्त हुआ तत्पश्चात मुनि श्री का मंगल आगमन खोना वाले बाबा प्रांगण में हुआ। मुनि श्री के आगमन से श्रद्धालुओ ने भक्ति भाव से जयकारे लगाए।मुनि विमल सागर जी ने उपदेश देते हुआ कहा कि धन की तीन गतियाँ हैं दान, भोग और नाश दान ही वह माध्यम है जो मनुष्य के जीवन को सार्थक करता है। बैंक में रखा धन ब्याज दे सकता है किन्तु दान किया हुआ धन पुण्य प्राप्ति का माध्यम बनता है इसलिए मनुष्य को धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में मुक्तहस्त से दान करना चाहिए। इसके बाद सर्वप्रथम 9 महापात्रों ने श्री जी का प्रथम अभिषेक किया।

2 दिन बढ़ा कार्यक्रम

समिति के आग्रह पर पूज्य विमल सागर महराज ने मस्तकाभिशेक महोत्सव को 2 दिन और बढ़ाने हेतु आशीर्वाद प्रदान किया। कोषाध्यक्ष विकास जैन के अनुसार बड़े बाबा के त्रिदिवसीय कार्यक्रम में रविवार को 1500 से अधिक श्रावकों ने श्री जी का अभिषेक किया एवं 5 हजार से अधिक नर नारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में देश-प्रदेश के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालुओं की प्रतिदिन उपस्थित हो रही है।

अखाड़ों के साथ प्रतिमाओं का निकलेगा चल समारोह

दशहरा पर्व को भव्यता से मनाने हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



स्थानीय रामलीला मैदान के सभागार कक्ष में आगामी त्योहार विजयी दशमी पर्व दशहरा जो कि इस वर्ष 20 अक्टूबर, मंगलवार को मनाया जाएगा,को भव्यता से मनाने के लिए हिन्दू उत्सव समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता घनश्याम दास उपाध्याय ने की।

बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों और समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा की। हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष दिनेश बबेले ने बताया कि नवरात्रि में पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी रामलीला मैदान में शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक बडे.पर्दे पर रामानंद सागर कृत रामायण का प्रसारण होगा। दशहरा पर नगर के बड़ा बाजार में दोपहर 2 बजे अखाड़ों का प्रदर्शन होगा, जिसमें नगर की सभी दुर्गा उत्सव झांकियां शामिल रहेंगी। दशहरा मैदान में शाम 7 बजे 35 फिट ऊंचे रावण का दहन और आतिशबाजी होगी।

धर्म सभा और रात्रि जागरण- धर्मसभा और दुर्गा उत्सव समितियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया जाएगा। पश्चात कलकत्ता से आये कलाकारों द्वारा देवी जागरण का कार्यक्रम शुरू होगा। बैठक में विशेष तौर पर लगभग लगभग सभी लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी दुर्गा उत्सव समितियां एक ही दिन दशहरा पर प्रतिमाओं का विसर्जन करेंगे,इसके हिंदू उत्सब समिति बरेली और नगर के गणमान्य नागरिक हर दुर्गा उत्सव समिति के पास आग्रह करने पहुंचेंगे,इससे पहले हिंदू उत्सब समिति बरेली नगर की सभी दुर्गा उत्सव समितियों बैठक प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित करेंगी। इसके अलावा भी दशहरा पर्व को भव्यता से कैसे मनाया जाएं,इसके लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

आईआईएम इंदौर के छात्रों का रूरल इंगेजमेंट प्रोग्राम के तहत जनपद पंचायत बाड़ी में भ्रमण

बरेली। 5 अक्टूबर को आईआईएम इंदौर के छात्रों का दल रूरल इंगेजमेंट प्रोग्राम आरईपी 2026-27 के अंतर्गत ग्रामीण विकास की योजनाओं, पंचायत व्यवस्था एवं ग्रामीण जीवन का मैदानी स्तर पर अध्ययन एवं व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत बाड़ी पहुंचा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस छात्र दल द्वारा हनुमान मंदिर, छिंद धाम में दर्शन किए गए इसके पश्चात छात्रों को ग्रामीण क्षेत्र की कार्यप्रणाली, पंचायत व्यवस्था, शासकीय योजनाओं एवं ग्रामीण विकास की गतिविधियों से परिचित कराने के उद्देश्य से जनपद पंचायत बाड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत अलीगंज एवं मांगरोल के लिए रवाना किया गया। आईआईएम इंदौर के इस छात्र दल में तेलंगाना, कर्नाटक, दिल्ली, महाराष्ट्र एवं आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए छात्र-छात्राएं शामिल हैं। विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थियों को ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने और ग्रामीण समुदाय के साथ संवाद स्थापित करने का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें देश के अलग-अलग ग्रामीण परिवेश को समझने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। इस अवसर पर एसडीएम अंकित जैन, आईएएस ने छात्र दल से संवाद करते हुए ग्रामीण आवास मिशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वच्छ भारत मिशन तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों से भी छात्रों को अवगत कराया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, पंचायतों की कार्यप्रणाली, ग्रामीण समुदाय की सहभागिता तथा स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों की प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा।



नाम परिवर्तन सूचना

मैं किशन सिंह पाल पुत्र स्व. श्री बारेलाल पाल आयुः- 52 साल जातिः- पाल निवासी ग्राम पलोह पोस्ट इमलिया जिला विदिशा म०प्र०। मेरी पॉलिसी एवं पुराने दस्तावेजो में मेरा नाम राम दयाल पाल (RAM DAYAL PAL) दर्ज था, जो कि मेरे पूर्व का नाम था, वर्तमान में मेरे आधार कार्ड-पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम किशन सिंह पाल (KISHAN SINGH PAL) दर्ज है जो कि पूर्णत सत्य व सही है। मेरे द्वारा एक पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा निगम ब्रांच विदिशा में दिनांक 28.10.2000 में ली गई थी, जिसका पॉलिसी कं. 350169890 है। उक्त पॉलिसी में मेरे पुराने दस्तावेजो के आधार पर मेरा नाम राम दयाल पाल दर्ज है। मेरे आधार कार्ड-पैन कार्ड एवं दस्तावेजो के आधार पर उक्त पॉलिसी में मेरा राम दयाल पाल (RAM DAYAL PAL) के स्थान पर किशन सिंह पाल (KISHAN SINGH PAL) दर्ज कराने हेतु मेरी ओर से यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। मेरे नाम को लेकर किसी प्रकार का विवाद होता है तो उसकी सम्पूर्ण जबाबदारी मेरी स्वयं की रहेगी।

फार्मर रजिस्ट्री में रायसेन जिला 52.56% पर, 486 रिकॉर्ड पेंडिंग

बेगमगंज, बाड़ी व सुल्तानपुर ने पकड़ी रफ्तार बरेली तहसील सबसे फिसड्डी, 48.36% ही काम पूरा हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का काम जारी है, लेकिन तहसीलवार प्रगति में बड़ा अंतर सामने आया है। जिले में राजस्व अमले द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री में रूचि नहीं लिए जाने की वजह भी सामने आई है। रायसेन जिला भी प्रदेश के अन्य जिलों से किसान फॉर्मर रजिस्ट्री में पिछड़ता नजर आ रहा है। जिले में सबसे खराब स्थिति बरेली तहसील की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि 18 सितंबर 2026 तक जिले में कुल 5 लाख 13 हजार 670 लैंड रिकॉर्ड के मुकाबले 2 लाख 44 हजार 159 फार्मर रजिस्ट्री पूरी हो सकी हैं। यानी जिले में अब तक करीब आधे रिकॉर्ड की ही रजिस्ट्री हुई है। कुल प्रगति 52.56% है, जबकि 486 रिकॉर्ड पेंडिंग बताए गए हैं। बताया गया है कि फॉर्मर रजिस्ट्री ना होने से किसानों की जमीनों की सही स्थिति जिला प्रशासन के पास नहीं पहुंच पा रही है। एक किसान कि यदि पांच अलग-अलग स्थान पर जमीन है तो उसमें पांच किसानों की संख्या का उल्लेख है। जबकि किसान एक ही है। जबकि जमीनों के हिसाब से देखा जाए तो 269997 है। बताया गया है कि किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री की जिम्मेदारी पटवारी सर्वेयर और कंप्यूटर ऑपरेटर को दी गई है जो इसमें यह रुचि नहीं दे रहे हैं। किसान फार्मर रजिस्ट्री को लेकर पटवारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन और हड़ताल जिले में लगातार जारी है। एसएलआर योगेश्वर भारती के अनुसार तहसीलवार प्रगति में बरेली सबसे पीछे है। यहां 60,853 लैंड रिकॉर्ड के मुकाबले 31,445 फार्मर रजिस्ट्री हुई हैं। इसकी प्रगति 48.36% है। इसके बाद उदयपुरा 48.57%, सिलवानी 48.87% और गैरतगंज 49.31% पर हैं। इन तहसीलों में अभी आधे से ज्यादा रिकॉर्ड का काम बाकी है।

तहसीलवार प्रगति

तहसील	प्रगति
सुल्तानपुर-	59.86%
बाड़ी-	58.68%
बम्होरी-	56.22%
सुल्तानगंज-	56.13%
बेगमगंज-	55.33%
रायसेन-	54.03%



रायसेन में सबसे ज्यादा 82 रिकॉर्ड पेंडिंग

पेंडिंग रिकॉर्ड की संख्या में रायसेन तहसील सबसे आगे है। यहां 82 रिकॉर्ड पेंडिंग हैं। वहीं बेगमगंज में 123, उदयपुरा में 69 और गैरतगंज में 64 रिकॉर्ड पेंडिंग बताए गए हैं। आंकड़ों में देवरी तहसील में -6 और गौहरगंज में -16 पेंडिंग रिकॉर्ड दर्ज हैं। रायसेन तहसील में भी पीएम किसान पीएम सम्मान निधि योजना, फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप: किसानों की केवाईसी और अन्य गड़बड़ियों का हो रहा सुधार। एसडीएम मनीष शर्मा ने बताया कि तहसील रायसेन में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत एक फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य किसानों को योजना से संबंधित समस्याओं के समाधान में मदद करना है, विशेषकर उन किसानों को जिनके खातों में योजना की राशि नहीं पहुंच पा रही है। दरअसल पीएम किसान सम्मान निधि योजना भारत सरकार की एक केंद्रीय योजना है। इसके अंतर्गत देश के पात्र किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में 2000 रुपए की तीन किस्तों में, चार-चार महीने के अंतराल पर हस्तांतरित की जाती है। ऐसे में कई किसान योजना के तहत अपने खातों में पैसे न आने से परेशान थे। इन गड़बड़ियों को दूर करने के लिए भारत सरकार की पहल पर गांव-गांव में ऐसे कैंप लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में किसानों से सीधे संवाद कर केवाईसी अपडेट और फार्मर रजिस्ट्री जैसी अन्य त्रुटियों को ठीक किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि अधिकारी केपी भगत ने बताया कि वे कैंप लगाकर रजिस्ट्री अपडेट और केवाईसी जैसी गड़बड़ियों को सुधार रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्य में ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

सुल्तानपुर 59.86% के साथ सबसे आगे

प्रगति के मामले में सुल्तानपुर तहसील 59.86% के साथ जिले में सबसे आगे है। इसके बाद बाड़ी 58.68%, बम्होरी 56.22%, सुल्तानगंज 56.13% और बेगमगंज 55.33% पर हैं। रायसेन तहसील में 54.03% फार्मर रजिस्ट्री का काम पूरा हुआ है।

इनका कहना है

जल्द ही फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है इस अक्टूबर महीने में यह कार्य जिले की समस्त तहसीलों में पूर्ण कर लिया जाएगा।
योगेश्वर भारती एसएलआर रायसेन।

टीएल बैठक में की योजनाओं की समीक्षा

अधिक पात्र व्यक्तियों को मिले पीएम आवास योजना का लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा विभागवार सीएम हेल्पलाईन, मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान, सेवा संकल्प अभियान सहित शासन की विभिन्न योजनाओं तथा कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि गैरतगंज, गौहरगंज तथा सिलवानी में बेहतर कार्य हुआ है। अन्य तहसीलों में भी राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाई जाए। साथ ही समयसीमा से बाहर होने वाले प्रकरणों के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने तहसीलवार स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में सभी तहसीलों में बेहतर कार्य हुआ है। उन्होंने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना अंतर्गत रजिस्ट्री इनीशिएट करने में उत्कृष्ट कार्य पर तहसीलदार सुल्तानपुर श्रीमति चंचल जैन, नायब तहसीलदार औबेदुल्लागंज निलेश सरवटे, राजस्व निरीक्षक तहसील गौहरगंज सुश्री शुभा मरकाम, तकनीकी सहायक तहसील सुल्तानपुर श्रीमति वर्षा वाडिवा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन कार्य में और अधिक मेहनत कर कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराएं।

बैठक में कलेक्टर ने आवासीय पट्टा वितरण और प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम तथा सीएमओ को निर्देशित किया कि आवासीय पट्टों हेतु अधिक से अधिक पात्र नागरिकों से आवेदन कराते हुए स्वीकृति की कार्यवाही शीघ्रता से की जाए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि अभियान के तहत संभाग में 16000 के लगभग आवास स्वीकृत हुए हैं जिनमें से 8900 आवास रायसेन जिले के नगरीय निकायों में स्वीकृत हुए हैं। जिले में कोई भी पात्र हितग्राही प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से छूटे नहीं। इसके लिए पात्रतानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना में अधिक से अधिक आवेदन कराते हुए स्वीकृति की कार्यवाही कराएं।

इसी प्रकार किसानों, मत्स्य पालकों तथा पशुपालकों को केसीसी वितरण कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित जिला अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अधिक से अधिक केसीसी वितरण हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य करने के साथ ही समय से पोर्टल पर जानकारी भी दर्ज कराएं। इसी प्रकार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की जानकारी ली और समग्र सीडिंग में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ और सीएमओ को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना तथा प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन में अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। इसके अतिरिक्त संबल योजना के लंबित आवेदनों को निराकृत करने, नगरीय निकायों में फिश पार्लर शुरू करने, विधायक और सांसद निधि से स्वीकृत कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने तथा संचालित कार्यों को समयसीमा में पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले में खाद की उपलब्धता और वितरण तथा धान हेतु किसानों के पंजीयन की जानकारी ली। उन्होंने अभी तक हुए 3500 पंजीयन का सत्यापन कार्य शीघ्र कराने के निर्देश एसडीएम को दिए। इसी प्रकार सेवा संकल्प अभियान और मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा, ग्रामीण सड़क योजना, जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला पंचायत उपचुनाव में निर्वाचित प्रत्याशियों को मिले प्रमाण पत्र, खुश नजर आए जनप्रतिनिधि



रायसेन। त्रि-स्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन-2026 के तहत हुए उप चुनाव के बाद सोमवार को निर्वाचित प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण विश्वकर्मा ने जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपे। जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-3 मेहगांव से निर्वाचित श्रीमती पूजा राकेश चौकसे, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-14 से निर्वाचित दशरथ पिता टीकाराम निवासी ग्राम भारकच्छखुर्द और निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-17 से निर्वाचित संजू पिता श्रीराम निवासी वार्ड नंबर-13, जावरा मलखार बगवानी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।इसके अलावा बाड़ी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कन्हवार में सरपंच पद के लिए हुए उपचुनाव की मतगणना के बाद निर्वाचित अभ्यर्थी को भी निर्वाचन प्रक्रिया के तहत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण विश्वकर्मा,जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी एसडीएम मनीष शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। निर्वाचित अभ्यर्थियों ने निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग के लिए अधिकारियों और मतदाताओं का आभार जताया।

आंगन का मिलन कार्यक्रम में ग्रामीणों ने रोपा मुनगा का पौधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों को जनसामान्य से जोड़ने और बच्चों व महिलाओं को विभागीय सेवाओं की जानकारी देने के लिए आंगन का मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को परियोजना सिलवानी के ग्राम सिमरिया कलां स्थित आंगनवाड़ी केंद्र परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने मुनगा का पौधा रोपकर उसके संरक्षण और देखभाल का संकल्प लिया। इस दौरान सरपंच बालमुकुंद शर्मा, उप सरपंच अखिलेश शर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा शर्मा, शिक्षक राममोहन रघुवंशी सहित महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों, महिलाओं, अभिभावकों और समुदाय की सहभागिता से विभिन्न गतिविधियां कराई जा रही हैं। इनका उद्देश्य बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

निर्धारित थीम के अनुसार केंद्रों पर बच्चों के साथ रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियां, पोषण व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी तथा स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसके साथ ही अभिभावकों को बच्चों के विकास और पोषण की स्थिति की जानकारी देकर आवश्यक सुझाव दिए जा रहे हैं। विभाग द्वारा निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार परियोजना सिलवानी के आंगनबाड़ी केंद्रों में गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, ताकि केंद्रों से मिलने वाली सेवाओं का लाभ बच्चों और महिलाओं तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके।

बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य व शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर



ट्रैक पर दौड़ेगी रफ्तार, हादसों पर लगाम, सेफ्टी बाउंड्रीवॉल का जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर।

रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की बढ़ती रफ्तार और मवेशियों व अनधिकृत प्रवेश के कारण होने वाले हादसों को रोकने के लिए रेलवे विभाग ने भोपाल रेल मंडल के अंतर्गत व्यापक सुरक्षा अभियान चलाया है। पटरियों के दोनों ओर सेफ्टी बाउंड्रीवॉल का निर्माण कर ट्रैक को पूरी तरह से सुरक्षित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सलामतपुर कस्बे में रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ लगभग डेढ़-डेढ़ किलोमीटर लंबी बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य तेजी से पूरा कर लिया गया है। इस पहल के बाद से क्षेत्र में रेल हादसों में भारी कमी आई है और रेलवे विभाग ने राहत की सांस ली है।

विधायक और प्रशासन की पहल से सुलझा राजीवनगर



सलामतपुर के राजीवनगर बस्ती में बाउंड्रीवॉल निर्माण के दौरान रहवासियों के सामने आवागमन का बड़ा संकट खड़ा हो गया था। रास्ते बंद होने से बारिश में जलभराव, बुजुर्गों व मरीजों को अस्पताल ले जाने में दिक्कत और बच्चों के स्कूल जाने के लिए 3 से 4 किमी का चक्कर लगाने जैसी परेशानियां आ रही थीं। रहवासियों की समस्या पर क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने रेलवे के डी.आर.एम. और जिला प्रशासन से बात की। प्रशासन और रेलवे अधिकारियों की संयुक्त जांच के बाद रेलवे ने सहानुभूति दिखाते हुए धपसटनगर में दो स्थानों पर आवागमन के लिए रास्ता छोड़ने की सहमति दी, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली।

भविष्य की योजनाएं,ओवरब्रिज विस्तार और अंडरब्रिज प्रस्ताव

क्षेत्रीय विकास और सुगम यातायात के लिए भविष्य की योजनाएं भी तैयार की जा रही हैं। राजीवनगर प्राथमिक शाला के सामने स्थित रेलवे पुलिया को अंडरब्रिज के रूप में मुख्य मार्ग से जोड़ने और सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज की लंबाई बढ़ाकर सीधे खेल ग्राउंड तक करने के प्रस्ताव पर विचार और प्रयास चल रहे हैं।

इनका कहना है..

रेलवे ट्रैक के दोनों ओर सेफ्टी वॉल का उद्देश्य लोगों और यातायात को सुरक्षित करना है। निर्माण से राजीवनगर बस्ती का रास्ता प्रभावित हो रहा था, लेकिन अधिकारियों ने सहृदयता दिखाते हुए समस्या का समाधान कर दिया है।

संजीव यादव, भाजपा नेता, सलामतपुर।

ट्रेनों की गति 110 से बढ़ाकर 130 किमी प्रति घंटा की जा रही है। ऐसे में आम नागरिकों की सुरक्षा और मवेशियों को ट्रैक पर आने से रोकने के लिए बाउंड्रीवॉल का निर्माण अत्यंत आवश्यक कदम है।

कलीराम मीणा, सरपंच, ग्राम पंचायत खोहा।

130 किमी/घंटे की रफ्तार और यात्रियों की सुरक्षा

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, विभिन्न रेल सेक्शनों में ट्रेनों की गति को 110 किलोमीटर प्रति घंटे से बढ़ाकर 130 किलोमीटर प्रति घंटा किया जा रहा है। हाई-स्पीड ट्रेनों के संचालन के दौरान यदि कोई जानवर या व्यक्ति अचानक पटरी पर आ जाता है, तो गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पूर्व में बाउंड्रीवॉल न होने से मवेशी आसानी से रेलवे लाइन तक पहुंच जाते थे। इस खतरे को स्थाई रूप से समाप्त करने के लिए रेलवे ने अपनी भूमि से अतिक्रमण हटाकर बाउंड्रीवॉल खड़ी करने का काम युद्ध स्तर पर किया।ट्रेन, यात्री और ट्रैक की एकीकृत सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भोपाल मंडल के कई प्रमुख स्थानों पर यह निर्माण कराया गया है। भोपाल से हबीबगंज और निशातपुरा से भोपाल के बीच 8 किलोमीटर लंबे क्षेत्र सहित विभिन्न यार्डों में बाउंड्रीवॉल बनाई गई है।सलामतपुर में ट्रैक के दोनों ओर 1.5 - 1.5 किमी।भोपाल में हबीबगंज क्षेत्र: 6.1 किमी।हबीबगंज यार्ड: 3.8 किमी। मंडीदीप यार्ड: 3.91 किमी, ओबेदुल्लागंज यार्ड में 2.60 किमी, निशातपुरा (भोपाल): 2.87 किमी,मिसरोद यार्ड में 1.90 किमी और सूखीसेवनिया यार्ड में 1.7 किमी

भागवत श्रवण से दूर होता है मृत्यु का भय जीवन को मिलती सदगतिः पंडित दीक्षित

सिलवानी। नगर के मंगल भवन में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को कथा व्यास पंडित बलराम दीक्षित ने भागवत महात्म्य, परीक्षित जन्म और पितृ प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान भजनों और प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत को वेद का पका हुआ फल बताते हुए कहा कि इसमें सुख रूपी तोते की चोंच लगने से यह और भी मधुर हो गया है। सुख का स्वरूप ही सुखदेव जी महाराज हैं। उन्होंने नैमिषारण्य में 88 हजार ऋषियों के समक्ष सूत जी महाराज द्वारा भागवत कथा सुनाए जाने का प्रसंग बताया। ऋषियों ने सूत जी से छह प्रश्न किए और इन्हीं प्रश्नों के उत्तरों के माध्यम से श्रीमद्भागवत कथा का विस्तार हुआ। उन्होंने महाभारत प्रसंग के साथ राजा परीक्षित के जन्म का वर्णन किया। बताया कि परीक्षित को जब मृत्यु का भय सताने लगा, तब उन्होंने सुखदेव जी महाराज से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। कथा के प्रभाव से उनका मृत्यु भय दूर हुआ। उन्होंने कहा कि मनुष्य श्रद्धा से भागवत का श्रवण करे तो स्वयं के साथ परिवार का भी कल्याण कर सकता है। भागवत केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्ग है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पुत्र को अपने माता-पिता का श्राद्ध एवं तर्पण श्रद्धा पूर्वक करना चाहिए। पितृपक्ष में पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करना सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है। यदि किसी कारणवश श्राद्ध कर्म संभव न हो तो श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर उसका पुण्य अपने माता-पिता एवं पितरों को समर्पित किया जा सकता है।



डीईओ ने बच्चों को परीक्षा दिलवाई

फीस पर विवाद, परीक्षा देने से रोके गए छात्र, एबीवीपी ने धरना दिया



रायसेन। रायसेन शहर के संस्कार पब्लिक स्कूल में फीस को लेकर छात्रों को परीक्षा से रोकने के आरोप पर हंगामा हो गया। बताया गया कि स्कूल प्रबंधन ने फीस जमा न करने वाले छात्रों को परीक्षा में बैठने से रोक दिया था। इसकी जानकारी मिलने पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने स्कूल गेट पर धरना दिया और नारेबाजी की। सूचना मिलने पर डीईओ निर्मला नंदन तिवारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्रों को परीक्षा कक्ष तक पहुंचाया और परीक्षा दिलवाई। डीईओ तिवारी ने स्कूल प्रबंधन को फीस के नाम पर छात्रों को परीक्षा से वंचित न करने की चेतावनी दी और कहा कि दोबारा ऐसा करने पर कार्रवाई की जाएगी।

दुर्गा झांकियों से लेकर मूर्ति विसर्जन जुलूस तक पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

दशहरा व दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्थाओं पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शारदीय नवरात्रि, दशहरा के त्यौहार और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को चलसमारोह लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन ने सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक ली। बैठक में श्री हिंदू उत्सव समिति और मुस्लिम त्योहार कमेटी के पदाधिकारियों के साथ अधिकारियों ने शहर में निकलने वाली दुर्गा झांकियों, पंडालों और विसर्जन चल समारोह की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। प्रशासन ने पर्व के दौरान बिजली, सफाई, सड़क, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।बैठक में एसडीएम मनीष शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह मंडले, कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल, एसडीओपी सीएल गौर, सुमित चतुर्वेदी, श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष रवि खत्री, मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष इलियास पठान सहित शक्ति सिंह बघेल, बद्री पाराशर, राहुल परमार, पार्षद कैलाश, वीरेंद्र ठाकुर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों और हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों ने झांकी पंडालों में बिजली आपूर्ति व्यवस्थित रखने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि शहर में बिजली के खंभों पर लटक रहे ऊंचे तार और केबलों को व्यवस्थित कराया जाए, ।ताकि शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान किसी तरह की दुर्घटना की स्थिति न बने। प्रशासनिक अधिकारियों ने बिजली कंपनी और नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

मंदिरों के आसपास सफाई और रोशनी की व्यवस्था

बैठक में शहर के सभी देवी दुर्गा मंदिरों और काली मंदिरों के आसपास साफ-सफाई कराने के साथ पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने पर भी जोर दिया गया। नगर पालिका परिषद को दुर्गा काली मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। वहीं शहर की सड़कों पर मौजूद गड्ढों को भरने के लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को समय पर पैचवर्क कराने के निर्देश दिए गए।

विसर्जन जुलूस में सुरक्षा के

खेड़ापति हनुमान मंदिर और बावड़ी से जय महावीर-जय रघुवीर समिति का मुखौटा धारण कराने वाली समिति के सदस्यों ने जुलूस के दौरान पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग रखी। पुलिस अधिकारियों ने जुलूस के दौरान सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था का भरोसा दिलाया। दशहरा मैदान में रहेगी फायर ब्रिगेड दशहरा पर्व कार्यक्रम के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीएम मनीष शर्मा ने नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों को दशहरा मैदान में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने सभी विभागों को पर्व से पहले तैयारियां पूरी करने को कहा।